कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः– 211002

दूरभाष सं0 / फैक्स नं0:– 0532 2466769, 0532 2467504 Website: http:\\updeled.gov.in
ई–मेल आई डी:– secretarypnp.up@gmail .com, uptethelpline@gmail.com

विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UP-TET) 2021 हेतु ऑन लाइन आवेदन

शासनादेश सं0 5/2021/192/अरसठ–4–2021–9(16)/2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–4, लखनऊ दिनांक 15.03.2021 द्वारा निर्गत मार्गदर्शी सिद्धान्त एवं शासनादेश सं0 765/अरसठ–4–2021–9(16)/2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–4, लखनऊ दिनांक 27.09.2021 द्वारा निर्गत परीक्षा कार्यक्रम के अनुपालन में **उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा, (UP-TET) 2021 दिनांक 28.11.2021** को सम्पादित करायी जानी है। इस हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से ऑन लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करते हुए अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि –

1. अभ्यर्थियों को अपने **ऑनलाइन आवेदन की अंकित प्रविष्टियों में संशोधन का कोई अवसर देय नहीं होगा।** इसके लिए अनिवार्य है कि अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन को फाइनल सेव करने से पूर्व, ऑनलाइन अंकित प्रविष्टियों का अभिलेखों से मिलान अवश्य कर ले।
2. अभ्यर्थियों से रजिस्ट्रेशन को फाइनल सेव करने से पूर्व इस आशय के घोषणा पत्र को चयन करना अनिवार्य होगा कि – **"मैंने ऑनलाइन आवेदन के अंतर्गत किये गये रजिस्ट्रेशन का प्रिंट निकाल कर उसमें की गयी प्रविष्टियों का मिलान मूल अभिलेखों से कर लिया है एवं उसे सही पाया है तथा मै अपने रजिस्ट्रेशन को फाइनल सेव करने हेतु पूर्णतः सहमत हूँ, फाइनल सेव होने के उपरान्त मुझे अपने आवेदन में संशोधन करने का कोई अवसर देय नहीं होगा।"**
3. यदि कोई अभ्यर्थी शैक्षिक अर्हता के आधार पर प्राथमिक स्तर एवं उच्च प्राथमिक स्तर, दोनो परीक्षाओं में सम्मिलित होना चाहता है, तो उन्हें **एक ही ऑनलाइन आवेदन में दोनो प्रश्न पत्रों के परीक्षा के चयन की सुविधा उपलब्ध होगी।** परन्तु अभ्यर्थी को प्रति प्रश्न पत्र/परीक्षा की दर से निर्धारित आवेदन शुल्क जमा करना पड़ेगा। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अभ्यर्थी एक से अधिक आवेदन पत्र पूरित न करें।
4. ऑन लाइन आवेदन पत्र हेतु शैक्षिक अर्हता, आवेदन शुल्क, पाठ्यक्रम संरचना, परीक्षा अवधि व स्वरूप एवं अन्य शर्तों सहित विस्तृत दिशा निर्देश **एन0आई0सी0 लखनऊ द्वारा निर्मित वेबसाइट https://updeled.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसी वेबसाइट पर ऑन लाइन आवेदन हेतु पंजीकरण फॉर्म, आवेदन शुल्क जमा करने हेतु स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का लिंक एवं **ऑन लाइन आवेदन–पत्र** उपलब्ध है। इस हेतु निर्धारित समय सारिणी निम्नवत् है–

1-	ऑन लाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि	**07.10.2021 (अपराह्न से)**
2-	ऑन लाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि	**25.10.2021**
3-	निर्धारित माध्यम से आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	**26.10.2021**
4-	ऑन लाइन आवेदन पूर्ण करने एवं पूर्ण आवेदन का प्रिंट लेने की अंतिम तिथि	**27.10.2021**

ऑन लाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार एवं विचारणीय नहीं होंगे। उक्त के साथ ही ऑनलाइन आवेदन हेतु निर्धारित शुल्क जमा किये जाने के पश्चात् ऑनलाइन आवेदन के समस्त चरणों यथा शैक्षिक अर्हता एवं फोटो/हस्ताक्षर अपलोड कर आवेदन को पूरित किये जाने के उपरान्त ही आवेदन पूर्ण एवं स्वीकार किया जाएगा, अधूरे आवेदन पत्रों को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जाएगा एवं तत्सम्बन्ध में किसी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

4/10/2021

(संजय कुमार उपाध्याय)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0,प्रयागराज।

पृ0सं0 / गोप0 / टी0ई0टी0 21 / 3687-92 / 2021–22 दिनांक : 04-10-2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
2. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–04, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
4. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
5. श्री आशेष अग्रवाल, अतिरिक्त राज्य सूचना अधिकारी, एन0आई0सी0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि **उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021** हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति को वेबसाइट पर अपलोड करते हुए निर्धारित कार्यक्रमानुसार समुचित कार्यवाही करने की कृपा करें।
6. शाखा प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, त्रिवेणी शाखा, प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित कि प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार आवेदन शुल्क जमा करने सम्बन्धित समुचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

4/10/2021

(संजय कुमार उपाध्याय)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ0प्र0,
प्रयागराज।